# छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

## व्यापम में सहायक प्रोग्रामर के रिक्त पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हेतु

# विज्ञापन

ज्ञापन क्रमांक 1807 दिनांक 25/07/19

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर में सहायक प्रोग्रामर के रिक्त 01 पद (अनारक्षित) पर नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ के मूल निवासी पात्र उम्मीदवारों से, ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर की वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. परीक्षा की तिथि – **03 सितंबर 2019 (मंगलवार)**
2. परीक्षा का समय : – **पूर्वान्ह**
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 25.07.2019 (गुरूवार)
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि – 11.08.2019 (रविवार), रात्रि 11:59 बजे तक
5. व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि – 27.08.2019 (मंगलवार)
6. परीक्षा केन्द्र : – **रायपुर, दुर्ग**

**रिक्त पद, वेतनमान एवं शैक्षणिक अर्हताएं का विवरण–**

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | वर्ग | पद संख्या | शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रोग्रामर | सातवां वेतनमान लेबल–9 | अनारक्षित | 01 | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी) / एम.सी.ए. या समकक्ष उपाधि ।<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से कम्पयूटर साइंस में बी.ई. / बी.टेक. या समकक्ष उपाधि। |

**आयु –** **01.01.2019 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष ।**

**आयु सीमा में छूट –** पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, सेवा भर्ती नियम 2013 के अनुसार तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश / नियम अनुसार आयुसीमा में छूट दी जायेगी ।

**परीक्षा एवं चयन पद्धति –** उक्त पद हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित (बहुविकल्पीय) 150 प्रश्नों (150 अक) की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जावेगी । मेरिट के आधार पर दस्तावेज परीक्षण पश्चात् चयन किया जायेगा।

पात्रता की शर्तें –

1. आवेदक के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
2. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें ।
3. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु शैक्षणिक अर्हता सम्बंधी मूल दस्तावेजों तथा अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा । दस्तावेजों की सत्यापित प्रति भी प्रस्तुत करना होगा ।
4. अर्हकारी दस्तावेजों के अभाव में परीक्षा के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकेगी ।
5. चयनित उम्मीद्वारों को पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जायेगा ।
6. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, अतएव नियुक्ति की शर्तों के अनुसार किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकती है ।
7. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी ।
8. चयन हेतु उम्मीदवार की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार, 'अध्यक्ष' छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर' को होगा ।

यह नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के रिट पिटी क्रमांक (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 तथा रिट पिटी (सी) क्रमांक 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होंगे । राजपत्र में संशोधित भर्ती नियम के प्रकाशन एवं वित्त विभाग की सहमति के पश्चात् ही परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकेगा ।

विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि तथा परीक्षा संचालन संबंधी अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।

PC

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर